काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

विश्वपंचांग सं.२०६७ के प्रतियों के विक्रय हेतु निविदा आमंत्रण

प्रतिष्ठित पुस्तक विक्रेताओं से विश्वपंचांग संवत् २०६७ अंक की न्यूनतम ३३००० प्रतियों की बिक्री हेतु बंद लिफाफा में निम्न शर्तों पर निविदा आमंत्रित किये जाते हैं: निविदा प्रपत्र मूल्य रू.१००० मात्र (अप्रदेय), बिक्री राशि पर कमीशन ३५ प्रतिशत। विश्वविद्यालय के पास बिना कोई कारण बताये किसी निविदा को अस्वीकृत करने अथवा एक से अधिक निविदाकर्ताओं में बिक्री हेतु पंचांग वितरित करने का अधिकार सुरक्षित है। कुलसचिव (सामान्य प्रशासन), वाराणसी- २२१००५ के कार्यालय से निविदा प्रपत्र कार्य दिवसों में १०.३० बजे से ३.०० बजे के मध्य दिनांक १७ सितम्बर, २००६ तक प्राप्त एवं जमा कर सकते हैं। विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट www. bhu. ac. in पर भी उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट से डाउनलोड कर रू.१००० मात्र का डिमाण्ड ड्राफ्ट कुलसचिव, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के नाम से देय, के साथ भी कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं।

कुलसचिव

निविदा संख्या-आर/जीएडी/१ क्रम संख्या-

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

निविदा प्रपत्र

निविदा प्रपत्र मूल्य रु० १०००/- मात्र (अप्रदेय)

सम्वत् २०६७ के विश्वपंचांग के विक्रय हेतु निविदा आमंत्रण प्रपत्र

प्रातः स्मरणीय, महामना पं. मदन मोहन मालवीय जी द्वारा प्रकाशित सुप्रसिद्ध विश्व पंचांग का ८५ वाँ अंक अपनी अक्षुण्ण परम्पराओं के अनुरूप विक्रय हेतु शीघ्र सुलभ होने वाला है।

विश्वपंचांग की मूलभूत विशेषतायें

१. शुद्ध भारतीय पद्धति (सूर्य सिद्धान्त) द्वारा इसका निर्माण किया जाता है।
२. इस पंचांग मे ज्योतिषविषयक विविध सामग्री, प्रायः सभी महत्त्वपूर्ण मुहूर्तों के उपकरण तथा व्रत पर्वों के निर्णय धर्मशास्त्रीय आधार पर दिये जाते हैं
३. संध्या, तर्पण, जप, विशिष्ट अवसरों हेतु पूजन-विधि के साथ -साथ लगभग २९(उन्तीस) व्रत-कथा एवं उपाख्यानों का संग्रह प्रति वर्ष दिया जाता है।

प्रतिष्ठित पुस्तक विक्रेताओं से विश्वपंचांग के सम्वत् २०६७ अंकों की प्रतियों की विक्री हेतु बंद लिफाफा में निम्न शर्तों पर निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

१. बिक्री-राशि पर कमीशन का दर निम्नवत् होगा ।

प्रतियों की संख्या	कमीशन
०१ - ५०,००० तक	३५ प्रतिशत
५०००१ से ७५,००० तक	४० प्रतिशत
७५००१ या उससे अधिक	४५ प्रतिशत

२. बिक्री हेतु कम से कम ३३,००० विश्वपंचांग की प्रतियां उठाना आवश्यक होगा ।
३. निविदा स्वीकृत होने पर निविदाकर्ता द्वारा रु० ७५०००/- सुरक्षा राशि के रूप में जमा करने होगें ।
४. विश्वविद्यालय के पास बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा को अस्वीकृत अथवा एक से अधिक निविदाकर्ताओं में बिक्री हेतु पंचांग वितरित करने का अधिकार सुरक्षित है ।
५. पंचांग का मूल्य रु० ३०/- एक प्रति
६. बाईंडिंग खर्च (खुले प्रतियों के लिए) रु० ४८०/- एक हजार प्रति हेतु
७. प्रतियों का मूल्य बैंकर्स चेक द्वारा जमा करना होगा जो "कुलसचिव" काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के नाम देय हो।
८. एक अनुबन्ध पत्र जिसमें यह उल्लिखित होगा कि कम से कम ३३,००० प्रतियां अवश्य क्रय करना होगा (निविदा स्वीकृत होने **के बाद देय होगा**)।
९. **निविदा स्वीकृत हो जाने पर ३३,००० प्रतियों से अधिक की मांग यदि हो तो १५ दिन पूर्व अग्रिम भुगतान के साथ सूचना देने पर प्रतियां उपलब्ध होगी।**
१०- *पूर्ण रूप से भरी निविदायें कुलसचिव (सामान्य प्रशासन) के कार्यालय में दिनांक १७ सितम्बर, २००९ को ३.०० बजे अपराह्न तक जमा की जा सकती है। निविदायें उसी दिन ३.३० बजे अपरान्ह समिति कक्ष संख्या-२, केन्द्रीय कार्यालय में खोली जायेगी।*

प्रतिष्ठान द्वारा भरा जाय

मैं (नाम) .... वास्ते (प्रतिष्ठान का नाम) ....

पूरा पता .... उपरोक्त शर्तों एवं नियम से सहमत हूँ और विश्वपंचांग २०६७ की कम से कम ३३००० प्रतियाँ अवश्य उठा लूँगा । मेरी निविदा स्वीकृत हो जाने पर मेरे द्वारा उपरोक्त नियम एवं शर्तो में किसी प्रकार की अनियमितता या ढील पाये जाने पर मेरी निविदा निरस्त कर दी जाय और सुरक्षा-धनराशि जब्त कर ली जाय।

दिनांक

नाम-
प्रतिष्ठान का नाम-
पूरा पता -

नोट : निविदा प्रपत्र वेबसाइट से डाउनलोड कर रू.१००० /- मात्र का डिमाण्ड ड्राफ्ट (अप्रदेय) कुलसचिव, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के नाम से देय, के साथ भी कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं।